श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ,
( मानित विश्वविद्यालय )
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली- १६

क्रमांक एफ 3/01/एल.बी.एस.वि./शैक्षणिक/2019-20/ 1907 दिनांक: 08.01.2020

## कार्यालयीय सूचना

**विषयः विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम से संबन्धित नियमों के अनुपालन के संदर्भ में:-**

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में प्रविष्ट विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम के सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक नियम परिचायिका एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम-2016 में प्रदत्त प्रावधानों में निम्नलिखित नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा:-

01. उपस्थिति नियमानुसार 75 प्रतिशत अनिवार्य होगी ।

02. लघुशोध प्रबन्ध को जमा करने से पूर्व शोधार्थी को विद्यापीठ की शोध विभागीय शोध समिति के समक्ष P.P.T. (संगणक) के माध्यम से एक प्रस्तुति देनी होगी जिसमें संकाय के सभी सदस्यगण तथा अन्य शोधार्थी उपस्थित होंगें । उनसे प्राप्त हुई प्रतिपुष्टि तथा टिप्पणीयों को विभागीय शोध समिति के परामर्श से अनुरूप सामग्री लघु.शोध प्रबन्ध में उपर्युक्त रूप से शामिल की जायेगी।

03. मूल्यांकन किए जाने हेतु लघु शोध प्रबन्ध जमा करने से पूर्व शोधार्थी किसी सम्मेलन/संगोष्ठी में कम से कम एक (01) शोध पत्र प्रस्तुत करेगा तथा इनके सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण प्रमाणपत्र लघु शोध प्रबन्ध के परिशिष्ट भाग में संलग्न करेगा।

04. सुविकसित सॉफटवेयर तथा उपकरणों के विकास द्वारा साहित्यिक चोरी तथा शिक्षा समबन्धी छल-कपट का पता लगाने हेतु विद्यापीठ द्वारा गठित शोध समति द्वारा परीक्षण कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी । लघु शोध प्रबन्ध को मूल्यांकन हेतु जमा करने से पूर्व शोधार्थी से एक शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा तथा शोध पर्यवेक्षक द्वारा कार्य की मौलिकता के अनुप्रमाण स्वरूप एक प्रमाण पत्र जारी करना होगा जिसमे यह आश्वासन दिया जाएगा कि किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी नहीं की गई है तथा यह कार्य विद्यापीठ में किसी अन्य उपाधि/डिपलोमा पाठ्यक्रम उपाधि प्रदान करने के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

05. सत्रीय पाठ्यक्रम की सत्रान्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र/छात्रा अपनी अंक तालिका की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि संदर्भ पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्रों की प्रतिलिपि और संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध पत्रों की प्रतिलिपि, लघु शोध प्रबन्ध की दो (02) सी.डी./डी.वी.डी. (पी.डी.एफ. फॉरमेट) जिसमें लघुशोध प्रबन्ध यथावत प्रस्तुत हो एवं शोध निर्देशक द्वारा प्रमाणित हो, को लघु शोध प्रबन्ध के साथ अवश्य संलग्न करेंगे । लघु शोध प्रबन्ध की सी.डी./डी.वी.डी. पर मार्कर द्वारा शोध शीर्षक शोध छात्र का नाम, विभाग का नाम अंकित करना एवं शोध निर्देशक द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक है ।

06. लघु-शोध प्रबन्ध संस्कृत-भाषा में ए-4 आकार क कागज पर 100-200 पृष्ठो का होगा । प्रत्येक पृष्ठ में कम से कम 19 लाइनें होंगी । लघु-शोध प्रबन्ध इस प्रकार तैयार किया जाए, जिससे छात्रों के सैद्धान्तिक एवं अवधारणात्मक-ज्ञान का परिचय प्राप्त हो सके, साथ ही साथ शोध-प्रबन्ध को मानक-शोध-प्रविधि का अनुपालन करते हुऐ लिखा जाए, जिसके अन्तर्गत आवश्यक-संदर्भ, संलग्नक-सूची और पाद टिप्पणी आदि का समुचित-समावेश हो ।

07 लघु शोध प्रबन्ध का मुख्य पृष्ठ मैरुन रंग विद्यापीठ के गोल्डन लोगों सहित तैयार करवाकर सभी छात्रों को अपना लघु शोध प्रबन्ध निर्धारित समय अवधि दिनांक 31.05.2020 तक अपने शोध निर्देशक, विभागाध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख से संस्तुत करवाकर विभाग में जमा करवाना अनिवार्य होगा ताकि शोध प्रबन्ध मूल्यांकन हेतु परीक्षा विभाग को समय पर प्रेषित किया जा सके ।

08 समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने विभाग में पंजीकृत विशिष्टाचार्य छात्रों से संबंधित सूचना संलग्न प्रपत्र में दिनांक 15.1.2020 तक अनिवार्य रूप से शैक्षणिक विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न: प्रपत्र

सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः-**

01. **समस्त संकाय प्रमुख, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली**
02. समस्त विभागाध्यक्ष, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली
03. उप-कुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
04. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव
05. संगणक विभाग (सूचना को विद्यापीठ की वेबसाइट अपलोड करने हेतु)
06. समस्त सूचना पट्ट
07. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ
मानित विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

<u>विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों का लघु-शोध प्रबन्ध से संबंधित विवरण</u>

<u>शैक्षणिक सत्र 2019-20</u>

पंजीकरण की तिथि ........................................विभाग.................... दिनांक

विधापीठ नामांकन संख्या ...............................................................

शोध छात्र का नाम .....................................................................

Name of Student..................................................................

पिता का नाम ..........................................................................

Name of Father....................................................................

माता का नाम............................................................................

Name of Mother..................................................................

लघु-शोध प्रबन्ध का शीर्षक देवनागरी (हिन्दी में)

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

Topic of Dissertation in English (Capital Letter)..........................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

स्थाईपता.................................................................................................

.............................................................................................................

पिन ..........................मोबाईल न........................ ई-मेल .............................................

शोध छात्र हस्ताक्षर

हस्तरक्षर संकाय हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष मार्ग निर्देशक नाम एवं हस्ताक्षर